JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर – 302015

दूरभाष 0141–5192407

प्रेस रिलीज

दिनांकः 28.07.2016

मेट्रो समयपालनता का नया मापदंड (60 सैकण्ड) निर्धारण।

जयपुर मेट्रो ने अपने संचालन 3 जून 2015 से ही यात्रियों को गुणवत्ता एवं समयपालनता के साथ सेवाओं को एक मिशन की तरह माना है। अभी तक मेट्रो ट्रेने यदि अपने गंतव्य स्टेशन तक 120 सैकण्ड से अधिक देरी से पहुंचती है तो, उसकी समयपालनता हानि मानी जाती है। एक अगस्त 2016 से जयपुर मेट्रो ने अन्तर्राष्ट्रीय मापदंडो के अनुरूप समयपालनता का नया मापदंड 60 सैकण्ड (एक मिनिट) निर्धारित किया है।

परिचालन निदेशक सी.एस. जीनगर ने बताया कि गत 14 माह के संचालन के दौरान जयपुर मेट्रो ने 99.9 प्रतिशत की समयपालनता अर्जित की, जो किसी नयी मेट्रो के लिए एक उदाहरण है। इस अवधि में 56500 ट्रेनो के संचालन मे से सभी कारणों से (तकनीकी, भूकम्प एवं अन्य) केवल 48 ट्रेनें अपने गंतव्य पर 2 मिनिट से अधिक देरी से पहुंची।

जीनगर ने अनुसार केवल दिल्ली मेट्रो ने समयपालनता का अन्तर्राष्ट्रीय मापदंड 60 सैकण्ड रखा है, वहीं चैन्नई एवं बैगलूरू मेट्रो ने 120 सैकण्ड, तथा मुम्बई मेट्रो, भारतीय रेलवे की कोलकाता मेट्रो एवं मुबई लोकल ट्रेनों में इसे 3 मिनिट (180 सैकण्ड) रखा गया है। जयपुर मेट्रो ने भी यह तय किया है कि अगस्त 2016 से वह अपनी मेट्रो सेवाऐं की गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने की समयपालनता अन्तर्राष्ट्रीय मापदंडो के अनुरूप 60 सैकण्ड या एक मिनिट रखेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी